# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**शुद्धिपत्र क्रमांक 04/05/2020, दिनांक 04-08-2021**

**राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा - 2020**

**बायलर निरीक्षक ग्रेड-1 तथा बायलर निरीक्षक ग्रेड-2 के पदों को प्रतियोगी परीक्षा से विलोपित कर केवल साक्षात्कार के माध्यम से चयन के संबंध में सूचना**

**आवेदन करने की अंतिम तिथि 26-08-2021** | **आयोग में अभिलेख प्रेषण की अंतिम तिथि 06-09-2021**

01 मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों हेतु राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2020 का विज्ञापन क्रमांक **05/2020,** दिनांक 29-12-2020 आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** पर जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन के संदर्भ में निम्नानुसार संशोधन संसूचित किए जा रहे है :-

02 उक्त विज्ञापन में विज्ञापित बायलर निरीक्षक ग्रेड-1 के 3 पदों तथा बायलर निरीक्षक ग्रेड-2 के 1 पद को उक्त पदों की भर्ती नियम की व्यवस्था के अनुक्रम में राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा - 2020 की प्रतियोगी परीक्षा से विलोपित कर केवल साक्षात्कार के माध्यम से चयन का निर्णय लिया गया है। इस हेतु राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2020 हेतु आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यर्थियों से जो बायलर निरीक्षक के पदों हेतु निर्धारित पात्रता रखते है उनकी पात्रता से संबन्धित सभी अभिलेख आमंत्रित किए जाते है। इस संबंध में आवश्यक जानकारी निम्नानुसार प्रकाशित की जा रही है:-

**अ.** <u>बायलर निरीक्षक ग्रेड-1 तथा बायलर निरीक्षक ग्रेड-2 के पदों की पात्रता:-</u>

पदों हेतु निर्धारित अर्हता निम्नानुसार है :-

**शैक्षणिक अर्हता (दोनों पदों हेतु ) :-**

Mechanical Engineering, Power Engineering, Production Engineering या Metallurgical Science इंजीनियरिंग में उपाधि।

**अनुभव:-**

<u>बायलर निरीक्षक ग्रेड-1 हेतु</u>

बायलरों के डिजाइन, संनिर्माण, परिनिर्माण, प्रचालन, परीक्षण, मरम्मत, अनुरक्षण या निरीक्षण में या बायलर अधिनियम, 1923 (1923 का 5) और उसके अधीन विरचित नियमों और विनियमों के कार्यान्वयन में प्रबंधकीय हैसियत से तीन वर्ष का अनुभव।

<u>बायलर निरीक्षक ग्रेड-2 हेतु</u>

बायलरों के डिजाइन, संनिर्माण, परिनिर्माण, प्रचालन, परीक्षण, मरम्मत, अनुरक्षण या निरीक्षण में या बायलर अधिनियम, 1923 (1923 का 5) और उसके अधीन विरचित नियमों और विनियमों के कार्यान्वयन में प्रबंधकीय हैसियत से दो वर्ष का अनुभव।

बायलर निरीक्षक के उक्त पदों हेतु वे अभ्यर्थी ही अभिलेख प्रेषण तथा विचारण हेतु पात्र होंगे जिन्होने राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा- 2020 हेतु आवेदन किया था तथा पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक तथा अनुभव संबंधी अर्हताओं की पूर्ति करते थे। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को इस शुद्धिपत्र की लिंक तथा जानकारी **e-mail** तथा **SMS** द्वारा भी प्रेषित की जा रही है।

**ब.** **उपरोक्त अर्हता के अनुक्रम में बायलर निरीक्षक के पदों हेतु विषयवार विचारण की स्थिति निम्नानुसार है :-**

**Mechanical Engineering:-** Mechanical Engineering विषय से स्नातक अभ्यर्थी जो बायलर निरीक्षक हेतु निर्धारित अनुभव भी रखते है बायलर निरीक्षक के पदों पर विचारण हेतु आवेदन कर सकेंगे। ऐसे अभ्यर्थी राज्य अभियांत्रिकी सेवा में सम्मिलित उप पुलिस अधीक्षक (एम. टी.) हेतु भी पात्र रहेंगे अत: उन्हें बायलर निरीक्षक के पदों हेतु विचारण के लिए भरे जाने वाले आवेदन का निम्नांकित अनुसार शुल्क देना होगा ।

अनारक्षित श्रेणी हेतु - रुपये 500/-
आरक्षित श्रेणी हेतु - रुपये 250/-
**(उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त रुपये 40/- पोर्टल शुल्क भी देय होगा। )**

**Power Engineering, Production Engineering** तथा **Metallurgical Science:-** इन विषयों के अभ्यर्थी केवल बायलर निरीक्षक के पदों हेतु पात्र है इसलिए ऐसे समस्त अभ्यर्थी राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा- 2020 से विलग हो जाएंगे अत: उन्हें शुल्क अंतर की निम्नांकित राशि वापस की जाएगी:-

| श्रेणी | अभियांत्रिकी सेवा हेतु भरा गया शुल्क | सीधी भर्ती हेतु शुल्क | शुल्क अंतर की राशि |
|---|---|---|---|
| अनारक्षित | रुपये 1200/- | रुपये 500/- | रुपये 700/- |
| आरक्षित | रुपये 600/- | रुपये 250/- | रुपये 350/- |

(अभ्यर्थी शुल्क अंतर की वापसी हेतु आवेदन करेगा जिसके लिए उसे अपने बैंक विवरण की प्रविष्टि करनी होगी जिसके आधार पर उसे शुल्क अंतर की राशि का ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा ।)

स. <u>आवेदन विधि:-</u>

साक्षात्कार हेतु आवेदन दिनांक **11-08-2021** से **26-08-2021** तक निम्न वेबसाइट पर भरे जा सकेंगें:-

- www.mponline.gov.in
- www.mppsc.nic.in

अभ्यर्थी द्वारा, उपलब्ध कराई गई लिंक पर उसके राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा - 2020 के आवेदन पत्र क्रमांक तथा अपनी जन्मतिथि की प्रविष्टि करने पर उसका आवेदन-पत्र खुलेगा जिसमें अपेक्षित पूर्तियां करने के बाद सबमिट करने पर शुल्क भुगतान पश्चात उसे उसका ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्राप्त होगा जिसमें उसके द्वारा भरे गए शुल्क/ वापसी योग्य शुल्क का विवरण होगा।

द. <u>आवेदन पत्र प्रेषण के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश:-</u>

1. आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** के **Download Formate** लिंक से अनुप्रमाणन फार्म, व्यक्तिगत विवरण पत्रक, एवं उपस्थिति पत्रक डाउनलोड करके उनकी पूर्ति करें। पूर्ति पश्चात उक्त प्रपत्रों की क्रमश: तीन, छ: तथा एक छाया प्रति करायें।
2. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने तथा शुल्क भुगतान के पश्चात प्राप्त ऑनलाइन आवेदन में उल्लेखित भुगतान विवरण की जांच कर यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क का भुगतान हो चुका है। ऑनलाइन आवेदन पत्र में विहित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें। उक्त हस्ताक्षरित ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपने सभी अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें तथा साथ ही अनुप्रमाणन फार्म, व्यक्तिगत विवरण पत्रक, एवं उपस्थिति पत्रक की एक एक प्रति संलग्न करें। (प्रपत्रों की शेष प्रतियां अपने पास सुरक्षित रखें क्यों की उन्हें आपको साक्षात्कार के समय अपने मूल अभिलेखों के साथ प्रस्तुत करना होगा)
3. एक बड़े लिफाफे पर निम्न विवरण अंकित कर उक्त सेट (आवेदन पत्र तथा समस्त अभिलेख) इस बड़े लिफाफे में रखकर पंजीबद्ध डाक या स्पीड पोस्ट से आयोग को प्रेषित करें।

<table>
<tr><td colspan="2" align="center">शुद्धिपत्र क्रमांक 04/05/2020, दिनांक 04-08-2021<br>बायलर निरीक्षक ग्रेड-1/ बायलर निरीक्षक ग्रेड-2 हेतु आवेदन पत्र</td></tr>
<tr><td>प्रेषक:<br>आवेदक का नाम<br>तथा पता</td><td>प्रति,<br>सचिव<br>मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग,<br>रेसीडेंसी एरिया<br>इंदौर (मध्य प्रदेश) पिन - 452001</td></tr>
</table>

(लिफाफे पर विज्ञापन क्रमांक, पद/ विभाग का नाम अंकित न होने पर उस पर विचार नहीं किया जाएगा)

4. ध्यान रखें अभिलेखों सहित उक्त आवेदन पत्र दिनांक **06-09-2021** को सायंकाल 5:30 बजे तक आयोग कार्यालय में पहुंचने पर ही समयावधि में प्राप्त माना जाएगा । आवेदन पत्र उक्त दिनांक तथा समय तक समस्त कार्य दिवसों में कार्यालयीन समय **(प्रात: 10:30 बजे से सायंकाल 5:30 बजे तक)** आयोग कार्यालय में भी प्राप्त किए जाएगे तथा प्राप्ति की रसीद दी जाएगी। आवेदक आयोग को प्रेषित आवेदन पत्र तथा

अभिलेखों का एक सेट अपने पास सुरक्षित रखें।

5. विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त किए जायेंगे तथा जमा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। **अतः आवेदक अंतिम तिथि की प्रतीक्षा करने के बजाय पर्याप्त समय पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर अभिलेखों सहित आवेदन पत्र आयोग को प्रेषित करें।**

इ. <u>चयन प्रक्रिया :-</u>

निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों की संवीक्षा उपरांत गुणानुक्रम में निम्नांकित संख्या में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा बशर्ते अर्हताधारी अभ्यर्थी उपलब्ध हों :-

| पद का नाम | श्रेणीवार पद संख्या | | | साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अनारक्षित | अ.जा.ज. | अ.पि.व. | अनारक्षित | अ.जा.ज. | अ.पि.व. |
| बायलर निरीक्षक ग्रेड-1 | 1 | 1 | 1 | 10 | 10 | 10 |
| बायलर निरीक्षक ग्रेड-2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 10 |

गुणानुक्रम निर्धारण में समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी उपरोक्त संख्या के अतिरिक्त साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाएंगे।

फ. साक्षात्कार 100 अंकों का होगा तथा उसमें उत्तीर्ण होने हेतु अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को 41 अंक तथा आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को 31 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

ज. अंतिम चयन साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर होगा।

ह. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कंम्प्यूटर त्रुटि / लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग का चयन परिणाम को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है ।

03 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

Vau
सचिव